माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
(पुवांरका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website - msuniversity.ac.in   Email ID- registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 46 / प्रवेश / msu / 2024–25   दिनांक : 24.10.2024

प्रेस विज्ञप्ति

एत्दद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर कैम्पस तथा इससे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों / संस्थानों में संचालित **M.Ed., LLB 3 Year & LLB 5 Year (BA LLB, B.Com LLB)** एवं **B.P.Ed.** पाठ्यक्रमों सत्र 2024–25 में विश्वविद्यालय के पूर्व में निर्धारित कार्यक्रम के आधार पर दिनांक 24.10.2024 को द्वितीय ओपन मेरिट हेतु अपलोड होनी है। अब तक अनुसुचित जनजाति की सीटों हेतु प्रवेशार्थियों की अनुपलब्धता के कारण आरक्षित रिक्त सीटों को अनुसुचित जाति के अर्ह प्रवेशार्थियों से भरने का कष्ट करें तथा द्वितीय ओपन मेरिट के प्रवेश दिनांक 25.10.2024 तक सम्पुष्ट (Confirm) करना सुनिश्चित करें।

उक्त के सम्बन्ध में यह भी सूच्य है कि महाविद्यालयों में उपरोक्त पाठयक्रमों में सीटें रिक्त रहने की स्थिति में दिनांक 26.10.2024 को प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे के मध्य अभ्यर्थी आवेदन कर सकेगें। किसी पाठ्यक्रम में रिक्त सीटों के सापेक्ष यदि अधिक आवेदन आते हैं तो वरीयता क्रमानुसार प्रवेश किये जायेगें। शेष पाठयक्रमों में, जिनमें रिक्त सीटों से कम आवेदन आते हैं तो प्रथम आओ, प्रथम पाओ के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर ली जायेगी, जिसमें **EWS** को छोडकर अन्य किसी भी प्रकार के आरक्षण की बाध्यता नहीं रहेगी। महाविद्यालय / संस्थान दिनांक 26.10.2024 तक प्रवेश सम्पुष्ट (Confirm) करना सुनिश्चित करें।

(प्रो0 ओमकार सिंह)
प्रवेश समन्वयक
मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।
एवं
प्राचार्य, गोचर महाविद्यालय, रामपुर मनिहारान, सहारनपुर।

प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. मा० कुलपति जी को सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी जी को सूचनार्थ।
3. कुलसचिव जी को सूचनार्थ।
4. सहायक प्रवेश समन्वयक को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थान को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. समस्त स्थानीय प्रेस प्रवक्ताओं को इस आशय से कि वे छात्र हित में अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में निशुल्क प्रकाशित करने हेतु।
7. विश्वविद्यालय अधिकृत एजेन्सी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(प्रो0 ओमकार सिंह)
प्रवेश समन्वयक